कार्यकारी सारांश

# मसौदा सामुदायिक आधारभूत ढाँचा कार्यनीति (**Draft Community Infrastructure Strategy – CIS**)



CITY OF PARRAMATTA




# कार्यकारी सारांश

## सिटी ऑफ़ पैरामाटा में बदलाव की गति और गुंजाइश बेमिसाल है।

## बीस सालों में 215,000 अतिरिक्त लोग हमारी सिटी में रहने लगेंगे, जिससे आबादी 2018 में 251,000 निवासियों से बढ़कर 2036 में 466,000 निवासी हो जाएगी।

## पैरामाटा शहर की आबादी






विकास के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण और रोमांचक अवसर पैदा होते हैं और हमें मालूम है कि अच्छी तरह प्रबंधित विकास से लोगों, परिवारों और पूरे समुदाय के लिए सकारात्मक परिणाम निकलते हैं।

हम सिटी ऑफ़ पैरामाटा के विकास का फायदा उठाना चाहते हैं, ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि हमारे CBD और पड़ोस के पास ज़रूरी सामुदायिक ढांचा है, जिससे हम लोगों के जीवन स्तर को बनाए रखने और उसे बेहतर बनाने में और उनमें अपनेपन की भावना बढ़ाने और समुदाय को मज़बूत बनाने में मदद कर सकें।

# मूलभूत सामुदायिक ढाँचा क्या है?

समुदाय का आधारभूत ढाँचा कठोर और नर्म ढाँचे को मिलाकर बना होता है।

कठोर सामुदायिक ढाँचे में सुविधाएँ, बिल्डिंग और खाली जगहें शामिल होते हैं, जबकि नर्म ढाँचे में कार्यक्रम, सेवाएँ और नेटवर्क शामिल होते हैं, जो इन जगहों से संचालित होते हैं और इन जगहों में घटित होते हैं।

इस स्ट्रेटेजी का संबंध कठोर इन्फ्रास्ट्रक्चर से है जिसमें काउंसिल डिलीवर करने की भूमिका निभाता है या इसमें वह समुदाय की या समुदाय की तरफ से हिमायत करता है।

कार्यान्वयन के अगले चरण में परिचालन लागतों, विस्तृत स्थल मूल्यांकनों और आर्थिक मॉडलिंग की पहचान करना शामिल होगा।

# हमें मूलभूत सामुदायिक ढाँचा कार्यनीति की ज़रूरत क्यों है?

काउंसिल के लिए यह ज़रूरी है कि वह हमारे समुदाय के लिए पर्याप्त और उत्तम क्वालिटी का सामुदायिक ढाँचा प्रदान करने में भूमिका निभाएं।

हम मानते हैं कि यही सही समय है जब हमें अपने मौजूदा और भावी समुदायों की ज़रूरतों की साफ तौर पर पहचान करनी चाहिए और उचित, पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता के सामुदायिक ढाँचे की डिलीवरी को मुमकिन बनाने के लिए मज़बूत कदम उठाने चाहिए। इसके लिए कई लोगों की विशेषज्ञता, सहयोग और संसाधनों की ज़रूरत होगी।

तेज़ रफ़्तार के विकास को अगर हमारे जीवन को सहारा देने वाले ज़रूरी सामुदायिक ढाँचे का पूरा समर्थन मिले तो उससे लोगों की ज़रूरी सेवाओं, जगहों और उन सहारों की पहुँच में उल्लेखनीय सुधार आ सकता है जिनकी ज़रूरत उन्हें अपने जीवन को अच्छी तरह जीने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए होती है।

सिटी ऑफ़ पैरामाटा काउंसिल ने सामजिक रूप से संवहनीय पैरामाटा फ्रेमवर्क का विकास किया है जो काउंसिल के काम करने के नए तरीके को निर्धारित करता है। सामाजिक रूप से संवहनीय समुदाय लोगों को सबसे ज़्यादा महत्व देता है और विकास के अवसर सबके साथ साझा करता है। चैन एंड ली (2008) ने सामाजिक रूप से संवहनीय समुदाय को हासिल करने के लिए कुछ मुख्य सफलता कारकों की पहचान की है और सामुदायिक ढाँचे का प्रावधान इनमें से एक है।

**सिटी को सामाजिक रूप से संवहनीय बनाने की वचनबद्धता का मतलब यह है कि हमारा मौजूदा और भावी समुदाय लचीला होगा और चाहे हम किसी भी तरह के दबाव, चुनौतियों और रुकावटों का सामना क्यों न करें, हमारा समुदाय ज़रूर खुशहाल बनेगा।**

अगर हम अपने भागीदारों के साथ सही सामुदायिक ढाँचे में निवेश करें, तो हमारा शहर ज़्यादा लचीला, उत्पादक, रहने लायक और स्थायित्व वाली जगह बनेगा।

# मूलभूत सामुदायिक ढाँचा प्रदान करने के सिद्धांत

- एक ही जगह पर स्थित, बहुआयामी सुविधाएं और सहयोगी दृष्टिकोण
- सुलभ और संयोजित नेटवर्क
- सकुशल और सुरक्षित सामुदायिक मूलभूत ढाँचा
- अपनी विविधता का जश्न मनाने के लिए खुशनुमा स्थान और जगहें
- समान रूप से सुविधा-संपन्न समुदाय

पैरामाटा शहर काउंसिल द्वारा कराये गए अन्य स्थानीय सरकारों के मूलभूत सामुदायिक ढांचे की रणनीतियों से जुड़े साहित्य की समीक्षा करके, मूलभूत सामुदायिक ढाँचा नियोजन में प्रमुख रुझानों को समझकर, ऑडिट के परिणामों पर विचार करने के बाद, स्थानीय आवश्यकताओं का विश्लेषण करके और सामुदायिक जुड़ाव के बाद इन सिद्धांतों को विकसित किया गया है।

# इस कार्यनीति में इन बातों पर चर्चा की गई है

### सामुदायिक सुविधाएं

- पुस्तकालय
- सामुदायिक स्थान
- बाल्यावस्था में शिक्षा और देखभाल
- सब्सिडीयुक्त जगह
- गर्ल गाइड और स्काउट हॉल
- किफायती किराये वाला आवास

### खुली जगह और मनोरंजन

- खेल के मैदान
- जल क्रीड़ाएं
- इंडोर मनोरंजन
- खेल के मैदान
- पार्क और आउटडोर मनोरंजन
- सामुदायिक उद्यान


### तेज़ गति से विकासरत क्षेत्र

- कैमेलिया
- कार्लिंगफोर्ड
- कार्टर स्ट्रीट
- ऐप्पिंग
- ग्रेनविले
- पैरामाटा CBD
- उत्तरी पैरामाटा
- राईडलमेयर, एर्मिंगटन और मेलरोज़ पार्क
- सिडनी ओलंपिक पार्क
- टैलोपिया
- वेंटवर्थ प्वाइंट
- वेस्टमीड

# जलाशय (कैचमेंट) दृष्टिकोण

मूलभूत सामुदायिक ढाँचा कार्यनीति के मूल में मूलभूत सामुदायिक ढाँचा के नियोजन हेतु कैचमेंट आधारित दृष्टिकोण है। इन कैचमेंटों को नीचे मानचित्र में दिखाया गया है। इन्हें कई कारकों को ध्यान में रखकर निर्धारित किया गया है, जिनमें शामिल हैं: प्रमुख शहरी केंद्रों की स्थिति, परिवहन के संभावित पैटर्न, सामुदायिक प्राथमिकतायें, LGA में मौजूदा और भविष्य की आबादी का फैलाव, बाधाएं (जैसे जलमार्ग, स्थलाकृतियाँ) और मानव-निर्मित बाधाएं (जैसे मुख्यमार्गीय सड़कें, पुल)।

कैचमेंट किसी बड़े क्षेत्रों में स्थानीय और जिला स्तरीय सुविधाओं के नेटवर्क के प्रावधान पर विचार करने के लिए एक उपयोगी साधन हैं (लेकिन ये अकेले कारक नहीं हैं), जबकि क्षेत्रीय सुविधाओं द्वारा LGA को समग्र रूप से सेवा देने की अधिक संभावना है।




# इस कार्यनीति में मानदंडों का उपयोग किया जाता है

विभिन्न प्रावधान मानकों और मानदंडों (बेंचमार्क) को भविष्य की सामुदायिक आवश्यकताओं और मूलभूत सामुदायिक ढांचे से संबंधित संभावित कमियों का पता लगाने में प्रयोग किया जा सकता है। इनमें से कई प्रावधान मानकों को आम स्वीकृति प्राप्त है।

मानदंडों का उपयोग आदर्श स्थिति में प्रदान किये जाने वाले मूलभूत सामुदायिक ढांचे के परिमाण का संकेत देने के लिए तब किया जाता है जब इसकी व्यवहार्यता स्पष्ट हो, धन उपलब्ध हो और स्थानीय संदर्भ, साइट के अवसर/सीमाओं और व्यापक प्रावधान को ध्यान में रखा गया हो।

काउंसिल समझने और तुलना करने के लिए मानदंडों का उपयोग करती है, लेकिन विकल्पों पर विचार करते समय या वर्तमान और भविष्य में समुदाय की जरूरतें पूरी करने के लिए मूलभूत सामुदायिक ढाँचे के प्रावधान के बारे में सिफारिशें करते समय पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं करती।

# इस कार्यनीति से हमारे समुदाय को क्या हासिल सकता है

इस कार्यनीति में बहुत सारी विस्तृत जानकारी और अनुसंधान शामिल हैं। संपत्ति की हरेक श्रेणी के मामले में दिए गए सारांश (नीचे) में बताया गया है कि काउंसिल वर्तमान में क्या करती है, और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हमें क्या करने की आवश्यकता है।




# पुस्तकालयों का नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में 7 पुस्तकालय और लर्निंग स्पेस हैं।**

- पूरे पैरामाटा शहर में हमारे पुस्तकालय अच्छी तरह से फैले हुए हैं।
- काउंसिल द्वारा एकत्र किये गए आंकड़ों से पता चलता है कि उपयोगकर्ता इन पुस्तकालयों का बहुत प्रयोग करते हैं और इनसे संतुष्ट हैं।
- काउंसिल सार्वजनिक रूप से सुलभ पुस्तकालयों की एकमात्र प्रदाता है। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के लिए अन्य पुस्तकालय मौजूद हैं।
- पुस्तकालयों से जुड़ी हमारी चुनौती यह है कि इनमें से कई पुराने भवनों में स्थित हैं, जिनके नवीकरण की आवश्यकता है, और अन्य कई पुस्तकालय भविष्य की आबादी के पूर्वानुमान तो एक तरफ, मौजूदा मांग को भी पूरा करने में असमर्थ हैं।

**सिटी ऑफ़ पैरामाटा: बेंचमार्क के मुकाबले 2036 के लिए पुस्तकालय फ्लोर स्थान का प्रावधान (वर्ग मीटर)**




**इस रणनीति के अनुसार काउंसिल:**

- जहाँ भी आवश्यक हो, स्थानीय सरकारी क्षेत्र में नए पुस्तकालय बनाएगी या पुराने पुस्ताकलयों का विस्तार करेगी
- सभी नए पुस्तकालयों को मौजूदा या भविष्य के सामुदायिक हब के साथ ही अवस्थित करने की योजना बनाएगी

**इस रणनीति से यह हासिल करने का प्रयास होगा:**

निम्नलिखित दृष्टिकोण के माध्यम से पुस्तकालयों के लिए 15,000 वर्ग मीटर अतिरिक्त स्थान प्रदान करना

- कॉन्स्टीट्यूशन हिल, एर्मिंगटन और कार्लिंगफ़ोर्ड में पुस्तकालयों का पुनर्विकास करना
- टैलोपिया, ऐप्पिंग, पैरामाटा सीबीडी और वेंटवर्थ पॉइंट पर नए पुस्तकालयों का निर्माण करना
- नॉर्थ रॉक्स पार्क (कार्लिंगफ़ोर्ड), उत्तरी पैरामाटा और मेलरोज़ पार्क में पुस्तकालय लिंक सेवाएँ प्रदान करना


** बेंचमार्क NSW की स्टेट लाइब्रेरी और "ऑस्ट्रेलियाई सार्वजनिक पुस्तकालय दिशानिर्देश, मानक और परिणाम" 2016 पर आधारित हैं*

# सामुदायिक स्थानों का नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में सामुदायिक केंद्रों, हॉल और बैठक कक्षों वाली 23 सामुदायिक सुविधाएं हैं।**

- ग्रेटर सिडनी के कई अन्य क्षेत्रों की तरह पैरामाटा शहर के अधिकांश सामुदायिक स्थानों में छोटे हॉल और बैठक कक्ष बने हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर 400 वर्ग मीटर के या इससे छोटे हैं।
- हमारी कई सुविधाओं की स्थिति खराब है और वे अपने उपयोग के अंतकाल में पहुंच गई हैं। उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों के बावजूद हमारी इन इमारतों का अत्यधिक उपयोग किया जाता है, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2017 में हुई 16,400 बुकिंग से पता चलता है।
- काउंसिल इस प्रकार की सामुदायिक सुविधा की प्राथमिक प्रदाता है, हालांकि स्कूलों और काउंसिल के गैर-स्वामित्व वाली इमारतों में हॉल और बैठक कक्ष मौजूद हैं।
- अच्छे और लचीले सामुदायिक स्थानों की सामुदायिक मांग बढ़ रही है। हमें भविष्य में केंद्रीय स्थान पर स्थित, सुलभ पहुँच वाली (सामुदायिक केंद्र) जगहों की श्रृंखला बनाने वाले ऐसे भावी मॉडल की दिशा में काम करने की आवश्यकता है, जहाँ विभिन्न गतिविधियों और बैठकों के लिए प्रावधान हों।

**पैरामाटा शहर: बेंचमार्क के मुक़ाबले 2036 सामुदायिक स्थान का प्रावधान (वर्ग मीटर)**




**इस रणनीति के अनुसार काउंसिल:**

- हमारी कई मौजूदा सुविधाओं को बेहतर बनाकर हमारे सामुदायिक स्थानों को उन्नत करेगी, कुछ पुरानी सुविधाओं को समेकित करेगी और विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों की जरूरतों को पूरा करने हेतु नए सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करेगी

**इस रणनीति से यह हासिल करने का प्रयास होगा:**

- वेस्टमीड, पैरामाटा (पुस्तकालय सहित), टैलोपिया (पुस्तकालय सहित), ऐप्पिंग (पुस्तकालय सहित), पैरमेटा CBD, कैमेलिया (पुस्तकालय सहित), ऐरमिंगटन (पुस्तकालय सहित), मेलरोज़ पार्क (लाइब्रेरी लिंक सहित) और कार्टर स्ट्रीट में नए सामुदायिक केंद्र विकसित कर लगभग 25,000 वर्ग मीटर अतिरिक्त सामुदायिक स्थान प्रदान करना
- पैरामाटा शहर में मौजूदा सामुदायिक हॉलों और स्थानों की सुलभता बेहतर करने हेतु उन्हें अपग्रेड करना

** बेंचमार्क पैरामाटा शहर द्वारा कराई गई एल्टन की 'पैरामाटा सामुदायिक सुविधाएँ ऑडिट और आवश्यकताएं अध्ययन रिपोर्ट 2017' पर आधारित हैं*

# गर्ल गाइड और स्काउट हॉल नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में काउंसिल के स्वामित्व वाले 10 गर्ल गाइड और स्काउट हॉल हैं। 6 अतिरिक्त हाल अन्य लोगों के स्वामित्व में हैं, जिनमें गर्ल गाइड्स, स्काउट्स और अन्य सरकारी संगठन शामिल हैं।**

- मौजूदा गर्ल गाइड और स्काउट हॉल पूरे क्षेत्र में फैले हुए हैं और अधिकांश की स्थिति खराब है। कुल मिलाकर इनका क्षेत्रफल 2,300 वर्ग मीटर है, जिनमें से कइयों का अक्सर कोई उपयोग नहीं होता है और अक्सर इन्हें केवल गर्ल गाइड्स या स्काउट्स समूहों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। वर्तमान में एक हॉल का किसी सक्रिय समूह द्वारा उपयोग नहीं किया जा रहा है।
- यही रूझान सिडनी में भी मौजूद है: गर्ल गाइड और स्काउट्स काउंसिल द्वारा ऐतिहासिक रूप से प्रदान की गई पुरानी सुविधाओं में ही रहते हैं, जो अब खराब हालत में हैं, और अधिकांश का कम प्रयोग होता है। कुछ गर्ल गाइड और स्काउट सुविधाओं को नई बहुउद्देशीय सुविधाओं में परिवर्तित करने के कुछ उदाहरण मौजूद हैं - और जहाँ ऐसा हुआ है, वहाँ इसका प्रदर्शन अच्छा रहा है जैसे लेन कोव में।
- अल्पावधि में हमारे समक्ष चुनौती है हॉल तक सुलभ पहुँच प्रदान करना और दीर्घावधि की चुनौती है गर्ल गाइड और स्काउट समूहों को सुविधाएं प्रदान करने का बेहतर तरीका खोजना।

गर्ल गाइड और स्काउट हॉल की ज़रूरतों पर विचार करते समय स्थानीय काउंसिल आमतौर पर समग्र सामुदायिक सुविधा प्रावधानों और नियोजन मेंप्रासंगिक अवसरों और विचारों को शामिल करती हैं।

**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**


- सारे रखरखाव की जिम्मेदारी लेगी और मौजूदा गाइड और स्काउट हॉलों की स्थिति में सुधार करेगी
- सभी गाइड और स्काउट हालों के लाइसेंस अपडेट करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि गाइड और स्काउट समूहों को ज़रूरत नहीं होने पर समुदाय इन खाली जगहों की बुकिंग करा सकें
- भविष्य के सामुदायिक केंद्रों में गाइड और स्काउट समूहों की भविष्य की जरूरतों के लिए योजना बनाएगी (देखें 'सामुदायिक स्थान')

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य करने का प्रयास होगा:**

- **लघु-मध्यम अवधि:** मौजूदा गाइड और स्काउट हालों तक समुदाय की पहुंच में वृद्धि
- **दीर्घकालिक:** सामुदायिक हब के नियोजित नेटवर्क में लचीले बहुउद्देशीय स्थान, जो गाइड और स्काउट समूहों के साथ-साथ अन्य उपयोगकर्ता समूहों द्वारा भी उपयोग किये जा सकते हों

** बेंचमार्क पैरामाटा शहर द्वारा कराई गई एल्टन की 'पैरामाटा सामुदायिक सुविधाएँ ऑडिट और आवश्यकताएं अध्ययन रिपोर्ट 2017' पर आधारित हैं*

**पैरामाटा शहर 2016: सामुदायिक सुविधा के प्रावधान की दर (वर्ग मीटर)**






# सब्सिडीयुक्त खाली स्थान नेटवर्क




**वर्तमान में काउंसिल 23,000 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल वाले कुल 15 रियायती स्थान उपलब्ध कराती है, हालाँकि ये सभी स्थान काउंसिल के स्वामित्व के अधीन नहीं हैं।**

- रियायती जगहें ऐसे को-वर्किंग, ऑफिस और सर्विस डिलीवरी स्थान हैं, जिन्हें गैर-सरकारी संगठनों को समुदाय को महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने हेतु कम किराये पर दिया जाता है।
- हमारे वर्तमान रियायती स्पेस नेटवर्क में परोपकार, रीसाइक्लिंग और स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसी सेवाओं का प्रावधान है। इस स्थान के बिना ये सेवाएं पैरामाटा शहर में परिसर लेने में सक्षम नहीं हो पाएंगी।
- रियायती स्थान के लिए कोई मानदंड नहीं है - कुछ काउंसिलें इसे सामुदायिक स्थान का समग्र भाग मानती हैं, लेकिन ऐसे स्थान उन विशिष्ट कार्यों हेतु हैं जो उस स्थान से अलग है, जिसकी समुदाय द्वारा अन्य उद्देश्यों के लिए आसानी से बुकिंग की जा सकती है।
- कई प्रमुख शहर जैसे सिडनी, मेलबर्न और व्हिटलसी रियायती स्थान देकर कई महत्वपूर्ण सामुदायिक संगठनों को सहायता प्रदान करते हैं।
- वाणिज्यिक परिसरों की लागत बढ़ने से सामुदायिक संगठनों के लिए किराया वहन कर पाना कठिन हो जाता है। हमारे शहर में उनके संचालन के लिए रियायती स्थान प्रदान करना अक्सर महत्वपूर्ण होता है।


**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**

- अपने भविष्य के सामुदायिक हब नेटवर्क के भाग के तौर पर अतिरिक्त रियायती स्थानों की योजना बनाएगी (देखें - सामुदायिक स्थान)
- रियायती स्थान के प्रभाव के आकलन और इसके आबंटन की प्रक्रियाओं की समीक्षा करेगी और उन्हें संशोधित करेगी

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने का प्रयास होगा:**

अपने भविष्य के सामुदायिक हब नेटवर्क के भाग के तौर पर 6,800 वर्ग मीटर अतिरिक्त रियायती स्थान

**सिडनी शहर काउंसिल की तुलना में पैरामाटा शहर काउंसिल ने जितने संगठनों को पट्टों के मामले में रियायत दी: 2017**







# बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल नेटवर्क (Early Childhood Education and Care Network – ECEC)



**पैरामाटा शहर में वर्तमान में लॉन्ग डे केयर (LDC) केंद्रों के माध्यम से 11 ECEC सेवाएं उपलब्ध हैं। इनमें से 5 काउंसिल द्वारा संचालित हैं जबकि बाकी 6 गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित किये जाते हैं। काउंसिल वर्तमान में स्कूल ऑफ केयर (OSHC) केंद्रों में से 1 की स्वामी है जो एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा संचालित किया जा रहा है।**

- पैरामाटा शहर में 116 लॉन्ग डे केयर उपलब्ध हैं (उनके समेत जो काउंसिल, गैर-सरकारी संगठनों और निजी क्षेत्र द्वारा प्रदान किए जाते हैं)।
- निजी क्षेत्र वाले केंद्रों की तुलना में काउंसिल-संचालित केंद्र अच्छी गुणवत्ता वाले हैं। 2019 में काउंसिल-संचालित केंद्रों में से 100% केंद्र राष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरते हैं या उनसे भी अधिक अच्छे हैं (निजी सेवाओं के 66% की तुलना में). इनमें अधिक आवश्यकताओं वाले बच्चों और कमजोर परिवारों और साथ ही छोटे बच्चों को प्राथमिकता देने का विशेष प्रावधान भी है, जिनकी देखरेख हेतु अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता होती है।
- काउंसिल केवल सीमित संख्या में ही लॉन्ग डे केयर केंद्रों की सेवायें देती है। लगभग 95% लॉन्ग डे केयर केंद्र निजी क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं।
- निवासियों और श्रमिकों की वर्तमान जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए LGA क्षेत्र में बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल ECEC स्थानों की संख्या कम है। हमारी आबादी बढ़ने के साथ-साथ समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक लॉन्ग डे केयर केंद्रों और स्कूल-उपरान्त देखभाल सुविधाओं की आवश्यकता होगी।

**पैरामाटा शहर: बेंचमार्क के मुक़ाबले में 2036 LDC और OSHC प्रावधान**




**रंग कुंजी:** ● LDC जगहें ● OHSC जगहें

**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**

- हमारे मौजूदा LDC और OSHC केंद्र का संचालन जारी रखेगी
- हमारे कुछ मौजूदा लॉन्ग डे केयर सेंटरों को अपग्रेड करेगी, खासकर उनको, जहाँ रिक्त स्थान लेने के इच्छुक बच्चों की लम्बी प्रतीक्षा सूची हो
- कुछ नए काउंसिल-संचालित LDC और OSHC केंद्रों की सुविधा प्रदान करेगी, जिन्हें स्वैच्छिक नियोजन समझौतों के माध्यम से चलाया जा सके

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने का प्रयास होगा:**

- काउंसिल के स्वामित्व और संचालन वाले अधिकतम 4 अतिरिक्त LDC केंद्र
- काउंसिल के स्वामित्व और संचालन वाले अधिकतम 5 अतिरिक्त ओएसएचसी केंद्र
- स्कूल साइटों पर और निजी विकास के माध्यम से LDC और OSHC केंद्रों में वृद्धि के प्रावधान का समर्थन

** बेंचमार्क कार्यरत परिवार 'प्रारंभिक शिक्षा और आवश्यकता विश्लेषण रिपोर्ट 2015' पर आधारित हैं*



# किफायती रेंटल हाउसिंग नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर के पास किफायती किराये के 8 आवास हैं। स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सामुदायिक आवास प्रदाता (CHP) क्षेत्र अतिरिक्त किफायती किराये के 690 आवास प्रदान करता है।**

- काउंसिल के मौजूदा किफायती रेंटल हाउसिंग नेटवर्क का परिमाण बहुत सीमित है, लेकिन सिडनी शहर को छोड़कर किफायती किराये के आवास प्रदान करने वाली अधिकांश अन्य काउंसिलों के पास केवल 20-30 संपत्तियां हैं।
- काउंसिल की सभी इकाइयाँ वर्तमान में पैरामाटा सीबीडी में स्थित हैं। हालांकि यह संख्या फिलहाल कम है, लेकिन समय के साथ-साथ पैरामाटा और वेस्टमीड जैसे रोजगार के क्षेत्रों में किफायती किराये वाले घरों में बढ़ोत्तरी होने से हमारे शहर को सफल बनाने में मददगार प्रमुख कार्मिकों हेतु पैरामाटा को आकर्षक रहवास बनाने में मदद मिल सकती है।
- हमारे LGA में निजी रेंटल बाजार में हर 4 में से 1 किराएदार आवास से जुड़े तनाव का सामना कर रहा है और पिछले 5 वर्षों में शहर में घर के मालिकों की दर गिर गई है। काउंसिल को अपने आवास बाजार और यह भविष्य के समुदाय की जरूरतों को कैसे पूरा करेगा, इस बारे में विचार करने की आवश्यकता है।

**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**

**किफायती रेंटल हाउसिंग पॉलिसी 2019 में छोटी और लंबी अवधि की कार्यनीतियों को लागू करेगी।**


- अल्पावधि में स्वैच्छिक नियोजन समझौतों के माध्यम से ग्रहण किये गए मूल्य का 10% सस्ते किराये वाले आवासों को आबंटित करने का प्रयास करेगी
- दीर्घावधि में अधिक विकास वाले क्षेत्रों में, जहाँ इसे आर्थिक रूप से व्यवहार्य पाया जाता है, किफायती आवास योगदान योजना का विकास और कार्यान्वयन करेगी

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने का प्रयास होगा:**

- पैरामाटा शहर में किफायती किराये वाले अतिरिक्त आवास। ऐसे कितने आवास विकसित किये जाएंगे, इसका पूर्वानुमान विस्तृत आर्थिक मॉडलिंग के बाद किया जायेगा क्योंकि काउंसिल NSW सरकार की SEPP 70 के अनुरूप किफायती आवास योगदान योजना तैयार कर रही है
- काउंसिल का लक्ष्य होगा कि 2036 तक कुल 9,500 किफायती किराये वाले आवास पैरामाटा शहर में प्रदान किए जाएं। यह आंकड़ा आवासीय तनाव झेल रहे संभावित निजी किराएदारों की अनुमानित संख्या पर आधारित है

** बेंचमार्क: अधिक विकास वाले क्षेत्रों (ग्रेटर सिडनी कमीशन) में किफायती आवास के लिए आबंटित मूल्य में 5-10% उत्थान*

**पैरामाटा शहर 2011 और 2016: आवासीय प्रकार**







# सामुदायिक उद्यान नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में 8 सामुदायिक उद्यान हैं। इनमें से 3 काउंसिल के स्वामित्व वाली भूमि पर स्थित हैं जबकि कम से कम 5 काउंसिल के गैर-स्वामित्व वाली भूमि पर स्थित हैं।**

- पैरामाटा LGA के अंदर पब्लिक स्कूल हैं जिनमें स्कूल किचन गार्डन हैं, जो आमतौर पर व्यापक समुदाय को सुलभ नहीं हैं।
- काउंसिल सामुदायिक उद्यान प्रदान करने में छोटी सी भूमिका निभाती है।
- सभी वर्तमान सामुदायिक उद्यान काउंसिल के स्वामित्व वाले खुले स्थानों में स्थित हैं और उनकी सफलता उनके उपयोगकर्ता समूहों द्वारा किये जाने वाले प्रबंधन के अनुसार भिन्न-भिन्न है।
- जैसे-जैसे हमारे आवास निम्न घनत्व से उच्च घनत्व की ओर जाते हैं, वैसे-वैसे वे सामुदायिक स्थान, जहाँ लोग कुछ उगा सकते हैं और एक-दूसरे के साथ जुड़ाव कर सकते हैं, और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएंगे।

**पैरामाटा शहर में आम जनता के लिए उपलब्ध सामुदायिक उद्यानों का वर्तमान प्रावधान सीमित है**

**2018 पैरामाटा और सिडनी शहरों में सामुदायिक उद्यानों का प्रावधान**




**इस रणनीति के अनुसार काउंसिल:**

- सामुदायिक उद्यानों के विकास और प्रबंधन के लिए पैरामाटा शहर के निवासियों और संगठनों को वहाँ समर्थन देगी जहाँ समुदाय इनकी स्थापना की इच्छा व्यक्त करते हैं और उन्हें विकसित करने, प्रदान करने और चलाने के प्रति कटिबद्ध हैं
- अधिक विकास, उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में सामुदायिक उद्यान प्रावधान को प्रोत्साहित करेगी

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित प्राप्तियां होंगी:**


- नए सामुदायिक उद्यान, जिनमें अवसरों की पहचान की जाती है

# जल-क्रीड़ा क्षेत्रों का नेटवर्क

**पैरामाटा शहर में इस समय 1 जल-क्रीड़ा केंद्र, 3 वाटर प्ले पार्क और 1 प्राकृतिक तैराकी क्षेत्र है, जो काउंसिल के स्वामित्व के अधीन और इसके द्वारा संचालित हैं।**

- पैरामाटा पूल से वंचित होने के बाद पैरामाटा शहर में जल-क्रीड़ा सुविधाओं की उपलब्धता में बहुत कमी आ गई है और इसकी भरपाई के संबंध में समुदाय की काफी अपेक्षाएँ हैं।
- अन्य गैर-काउंसिल जल-क्रीड़ा सुविधाएं भी मौजूद हैं। सिडनी ओलंपिक पार्क प्राधिकरण (SOPA) क्षेत्रीय जल-क्रीड़ा केंद्र संचालित करता है, और कुछ स्कूलों और निजी स्वामित्व वाले वाणिज्यिक तैराकी केंद्रों में भी स्विमिंग पूल हैं।
- काउंसिल द्वारा संचालित जल-क्रीड़ा सुविधाएं आमतौर पर सामान्य समुदाय के लिए अधिक सस्ती और सुलभ होती हैं और बहुत मायने रखती हैं।

**पैरामाटा शहर: बेंचमार्क के मुक़ाबले में 2036 जल-क्रीड़ा सुविधाओं के प्रावधान**




**रंग कुंजी:** ● जल-क्रीड़ा सुविधाओं की संख्या
● 2036 जनसंख्या का बेंचमार्क

**इस रणनीति के अनुसार काउंसिल:**

- पैरामाटा CBD और ऐप्पिंग में आधुनिक जलक्रीड़ा सुविधाएं प्रदान करेगी
- प्राकृतिक जलक्रीड़ाओं और तैराकी के अनुभवों का विस्तार करेगी

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित प्राप्तियां होंगी:**

- पैरामाटा CBD में एक नई जलक्रीड़ा सुविधा और ऐप्पिंग में जलक्रीड़ा सुविधा का उन्नयन
- दीर्घावधि में तैराकी और जलक्रीड़ा वाले 2 नए प्राकृतिक क्षेत्र


** बेंचमार्क जलक्रीड़ा मनोरंजन विक्टोरिया 2011 और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पार्क और एंड लेज़र से जुड़े मूलभूत सामुदायिक ढांचे के दिशानिर्देशों 2012 पर आधारित हैं*

# इनडोर मनोरंजन नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में काउंसिल के स्वामित्व के अधीन 1 इनडोर मनोरंजन कोर्ट है।**

- अधिकांश काउंसिलों के उलट पैरामाटा शहर में कोई PCYC नहीं है, जो अक्सर इनडोर मनोरंजन के कुछ स्थान प्रदान करते हैं।
- काउंसिल द्वारा संचालित इनडोर मनोरंजन केंद्र आमतौर पर विविध खेलों और मनोरंजन के लिए इनडोर कोर्ट की सुविधा प्रदान करते हैं, जिनमें बास्केटबाल सबसे लोकप्रिय है, और प्रतियोगिताओं के आयोजन और आकस्मिक तौर पर किराये पर लेने की सुविधा भी प्रदान करते हैं।
- सिडनी ओलंपिक पार्क में 13 इनडोर खेल कोर्ट हैं और कुछ अन्य समूह जैसे स्कूल, चर्च, निजी फिटनेस क्लब और जिम में भी ऐसी जगह हो सकती हैं। काउंसिल के स्वामित्व वाले इनडोर मनोरंजन कोर्ट की तुलना में इन तक कम पहुंच सुलभ है और आमतौर पर ये अधिक महंगे हैं।
- जनसंख्या वृद्धि के कारण भविष्य की मांग की पूर्ति तो एक ओर रही, वर्तमान में ही मौजूदा ज़रूरतों की तुलना में मनोरंजन की जगह की उपलब्धता अत्यंत सीमित है।

**सिटी ऑफ़ पैरामाटा: 2036 बेंचमार्क के मुकाबले इनडोर मनोरंजन प्रावधान**




रंग कुंजी: ● इंडोर कोर्ट

**इस रणनीति के अनुसार काउंसिल:**

- उच्च विकास वाले क्षेत्रों में काउंसिल की इनडोर मनोरंजन सुविधा की उपलब्धता को बढ़ाने का प्रयास करेगी
- स्कूलों के साथ साझा और संयुक्त उपयोग की व्यवस्था के माध्यम से गैर-काउंसिल स्वामित्व वाली इनडोर मनोरंजन सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने की कोशिश करने का प्रयास करेगी
- हमारे समुदाय में अन्य लोगों द्वारा गैर-काउंसिल स्वामित्व वाले अतिरिक्त इनडोर मनोरंजन सुविधाओं की स्थापना की पैरवी करेगी

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त होंगे:**

- अधिकतम 31 नए बहुउद्देशीय इनडोर मनोरंजन कोर्ट। इनमें से कुछ काउंसिल के स्वामित्व वाली भूमि पर स्थित होंगे और कुछ स्कूलों के निर्माण के दौरान संयुक्त उपयोग की व्यवस्था कर शिक्षा विभाग के साथ साझेदारी में प्रदान किए जा सकते हैं

** बेंचमार्क ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पार्क और एंड लेज़र से जुड़े मूलभूत सामुदायिक ढांचे के दिशानिर्देशों में निर्धारित मानकों पर आधारित हैं*




# खेलने की जगहों का नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में 142 खेल के मैदान हैं, जो काउंसिल के स्वामित्व और प्रबंधन के अधीन हैं।**

- पैरामाटा शहर वर्तमान में विविध आयु समूहों और पॉकेट, स्थानीय और जिला स्तर पर सुविधायें उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कुछ खेल के मैदान स्कूलों, बाल देखभाल केंद्रों, व्यवसायों और गैर-सरकारी संगठनों में भी प्रदान किए जाते हैं।
- क्षेत्रीय खेल के मैदान, जो हमारे शहर और अन्य क्षेत्रों को सेवा प्रदान करते हैं, अन्य एजेंसियों द्वारा पैरामाटा पार्क और सिडनी ओलंपिक पार्क में प्रदान किये जाते हैं।
- काउंसिल के कई खेल के मैदान निम्न स्तर के हैं, और कुछ का बहुत ही कम उपयोग होता है और ये विभिन्न आयु वर्गों और क्षमताओं वाले लोगों को ध्यान में रखकर नहीं बनाये गए हैं। खेल के मैदान कुछ जगह उपलब्ध नहीं है, हमारे शहर के कुछ हिस्सों में ये सुविधायें बहुत अच्छी हैं जबकि कुछ क्षेत्र इनसे वंचित हैं।

**पैरामाटा शहर: 2036 बेंचमार्क के मुकाबले में खेल के स्थान का प्रावधान**




**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**

- खेल के स्थानों का नेटवर्क बनाते समय इस बात पर ध्यान देगी कि ये स्थान हरेक निवासी के घर से 250-400 मीटर के भीतर स्थित हों
- खेल के वर्तमान स्थानों के उन्नयन और उनके रीडिज़ाइन के ज़रिये उन्हें बेहतर बनाने पर ध्यान देगी
- खेल की श्रेणियों और विविध आयु वर्गों के लिए उपलब्ध खेलों का विस्तार करने पर ध्यान देगी
- खेल के स्थानों के बीच पैदल और साइकिल कनेक्शन बढ़ाने पर ध्यान देगी
- तेज़ शहरी नवीकरण वाले क्षेत्रों में खेल के नए स्थानों की वकालत करने पर ध्यान देगी

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त होंगे:**

- मौजूदा पॉकेट स्तरीय खेल के मैदानों का रिडिजाइन कर 5 अपग्रेडेड स्थानीय खेल के मैदान
- मास्टर प्लानिंग, भूमि के अधिग्रहण या काउंसिल के मौजूदा स्वामित्व वाली भूमि पर बनाई जा रही नई सुविधा के माध्यम से अधिकतम 17 नए स्थानीय खेल के मैदान
- मौजूदा स्थानीय खेल के मैदानों को रिडिजाइन करके अधिकतम 10 अपग्रेडेड जिला स्तरीय खेल के मैदान
- मास्टर प्लानिंग के ज़रिये उच्च विकास वाले क्षेत्रों में 4 नए जिला स्तरीय खेल के मैदान प्रदान किये गए

** बेंचमार्क ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पार्क और एंड लेज़र से जुड़े मूलभूत सामुदायिक ढांचे के दिशानिर्देशों में निर्धारित मानकों 2012 पर आधारित हैं*






# खेल के मैदानों का नेटवर्क

**पैरामाटा शहर काउंसिल फिलहाल 63 वैयक्तिक खेल के मैदान प्रदान करती है, जो काउंसिल के स्वामित्व और प्रबंधन के अधीन हैं।**

- काउंसिल के खेल के मैदान समुदाय के लिए अत्यधिक सुलभ हैं और विशेष रूप से संगठित खेलों में भाग लेने वालों के लिए अत्यधिक मायने रखते हैं।
- पैरामाटा शहर के अधिकांश स्कूलों, कुछ विश्वविद्यालयों और कुछ अन्य सरकारी एजेंसियों में अलग-अलग आकार के खेल के मैदान हैं; हालाँकि इन तक सामुदायिक पहुंच अक्सर सीमित रहती है।
- हमारे कुछ खेल के मैदानों की स्थिति खराब है और केवल कुछ ही स्पोर्ट्स ग्राऊंड में बदलते और बहु उद्देश्यों के अनुसार सेवा देने के लिए अपेक्षित लचीलापन है।
- समुदाय के लिए उपलब्ध स्पोर्ट्स ग्राउंड के मामले में काउंसिल द्वारा किये गए प्रावधान में कमी है और स्थानीय और जिला स्तरीय स्पोर्ट्स ग्राउंड का वितरण असमान है, विशेष रूप से उन इलाक़ों में, जिनमें अधिक जनसंख्या वृद्धि होने की संभावना है।

**पैरामाटा शहर: बेंचमार्क के मुक़ाबले में 2036 स्पोर्ट्स ग्राउंड के प्रावधान (हेक्टेयर)**




**रंग कुंजी:** ● स्पोर्ट्स ग्राऊंड का स्थान
● 2036 जनसंख्या बेंचमार्क

** बेंचमार्क 7 महानगरीय काउंसिलों के औसत LGA मानक 2017 पर आधारित है*

**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**

- यह प्रयास करेगी कि समग्र तौर पर वर्तमान स्पोर्ट्स ग्राऊंड की कोई शुद्ध हानि न हो
- प्रयास करेगी कि उन्नयन या सजावटी बदलाव कर काउंसिल के अपने स्पोर्ट्स ग्राऊंड नेटवर्क में वृद्धि की जाए, यथासंभव उन साइटों को फिर से पुनर्नियोजित किया जाए और तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों में नए स्पोर्ट्स ग्राऊंड विकसित किये जाएँ
- प्रोग्रामिंग के माध्यम से और स्कूलों, व्यवसायों, सरकार और नॉट-फॉर-प्रॉफ़िट्स के साथ साझा उपयोग व्यवस्था के माध्यम से स्पोर्ट्स ग्राऊंड की उपलब्धता समुदाय के लिए बढ़ाई जाए

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त होंगे:**

- मास्टर प्लानिंग के माध्यम से तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों में 6 नए पूर्ण आकार के स्पोर्ट्स ग्राऊंड
- काउंसिल के स्वामित्व के अधीन मौजूदा स्पोर्ट्स ग्राऊंड के पुनर्निर्माण से अधिकतम 11 अतिरिक्त पूर्ण आकार के स्पोर्ट्स ग्राऊंड
- स्कूलों के साथ साझा उपयोग के माध्यम से सामुदायिक उपयोग के लिए अधिकतम 16 स्पोर्ट्स ग्राऊंड






# पार्क और आउटडोर मनोरंजन नेटवर्क

**वर्तमान में पैरामाटा शहर में 259 पार्क हैं जो काउंसिल के स्वामित्व और प्रबंधन के अधीन हैं।**

- निवासियों के लिए अपने घरों से चलकर सक्रिय खुली जगह पर जाने में 5-10 मिनट का समय लगाने की क्षमता पूरे LGA में अलग-अलग है।
- कुछ पार्क अविकसित हैं और कम प्रयोग किये जाते हैं और इन स्थानों का उपयोग उन क्षेत्रों में अच्छे खुले स्थान बनाने के लिए किया जा सकता है, जहाँ तेज़ी से जनसंख्या वृद्धि होगी।
- कुछ क्षेत्रों में हमारे समुदाय की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए LGA में आउटडोर मनोरंजन के अवसरों में विविधता की कमी और असमानता है।

**पैरामाटा शहर: बेंचमार्क के मुकाबले में 2036 पार्क प्रावधान (हेक्टेयर)**




** बेंचमार्क ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पार्क और लेज़र से जुड़े मूलभूत सामुदायिक ढाँचा दिशानिर्देश 2012 पर आधारित हैं*

**इस कार्यनीति के अनुसार काउंसिल:**

- प्रयास करेगी कि समग्र तौर पर वर्तमान पार्कों और आउटडोर मनोरंजन केंद्रों की कोई शुद्ध हानि न हो
- प्रयास करेगी कि हमारे मौजूदा पार्कों और आउटडोर मनोरंजन स्थानों को नया स्वरूप देकर उनकी गुणवत्ता और अनुभव को बेहतर बनाया जाए ताकि वे विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों की जरूरतों को अधिक अच्छी तरह से पूरा कर सकें
- प्रयास करेगी कि स्कूलों को अनलॉक कर, नवीन और गैर-पारंपरिक साइटों का उपयोग कर और सभी शहरी नवीकरण क्षेत्रों में डेवलपरों के साथ बातचीत के माध्यम से नए पार्क और आउटडोर मनोरंजन के अवसर उपलब्ध कराये जाएँ

**इस कार्यनीति से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त होंगे:**

- मौजूदा पॉकेट पार्कों के नवीकरण के माध्यम से अधिकतम 4 अपग्रेडेड पॉकेट पार्क
- मास्टर प्लानिंग या भूमि अधिग्रहण के माध्यम से अधिकतम 2 नए स्थानीय पार्क
- मौजूदा स्थानीय पार्कों के नवीकरण के माध्यम से अधिकतम 14 अपग्रेडेड जिला स्तरीय पार्क
- मास्टर-प्लानिंग के माध्यम से तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों में अधिकतम 4 नए जिला स्तरीय पार्क





# कैचमेंट दृष्टिकोण

इस प्रकार की परियोजनाओं की लागत और धनराशि की सीमित उपलब्धता के दृष्टिगत काउंसिल सामुदायिक जरूरतों, उपलब्ध धनराशि और अवसरों की उपलब्धता के आधार पर सामुदायिक ढांचे के निर्माण में अपनी प्राथमिकतायें तय करती है।

## पैरामाटा शहर में मूलभूत सामुदायिक ढांचे की सर्वोच्च प्राथमिकताएँ निम्नलिखित हैं:

इन जगहों पर **नए सामुदायिक केंद्रों** की योजना बनाकर उन्हें पूरा करना:

- वेंटवर्थ प्वाइंट - वेंटवर्थ प्वाइंट पुस्तकालय एवं समुदाय केंद्र (2019 में शुरू होगा)
- ऐप्पिंग (पुस्तकालय और लचीले बहुउद्देशीय स्थान सहित)
- कार्लिंगफ़ोर्ड (पुस्तकालय और लचीले बहुउद्देशीय स्थान सहित)
- पैरामाटा CBD (उत्तर से दक्षिण तक एक नेटवर्क में पुस्तकालय, लचीला बहुउद्देशीय स्थान और मनोरंजन के स्थान सहित)
- टैलोपिया (पुस्तकालय, नेबरहुड केंद्र और लचीले बहुउद्देशीय स्थान सहित)
- वेस्टमीड (शिक्षण केंद्र और लचीले बहुउद्देशीय स्थान सहित)
- राईडलमेयर, अर्मिंगटन और मेलरोज पार्क कॉरीडोर (नए पुस्तकालय, लर्निंग लिंक और लचीले, बहुउद्देशीय स्थान सहित)

पैरामाटा CBD में **नई जलक्रीड़ा सुविधा** की योजना बनाना और इसे निष्पादित करना

जुबली बाल्यकाल शिक्षा एवं देखभाल (ECEC) केंद्र का **नए बाल और परिवार हब** के भाग के तौर पर पुनर्विकास और विस्तार करना (सेवाओं के प्रावधान के लिए 80 लॉन्ग डे केयर सेंटर और कार्यालय हेतु स्थान सहित)

सामुदायिक उपयोग के लिए **पैरामाटा शहर के स्काउट और गाइड हॉल** की उपलब्धता बढ़ाना

सामुदायिक उपयोग के लिए **स्कूली सुविधाएं (हॉल, मीटिंग रूम और खेल के मैदान) अनलॉक करना**

तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर समुदाय में **स्पोर्ट्स ग्राऊंड के संरक्षण की योजना बनाना**

तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर हमारे समुदाय में **पार्कों और आउटडोर मनोरंजन के संरक्षण की योजना बनाना**

तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों में **नए इनडोर मनोरंजन केंद्रों की योजना बनाना और उसे निष्पादित करना**

तेज़ी से विकासरत क्षेत्रों में **अतिरिक्त जिला स्तरीय खेल के मैदान की योजना बनाना और उसे निष्पादित करना**

# अब आगे क्या होगा?

हमारी स्पष्ट, विशिष्ट और साक्ष्य-आधारित मूलभूत सामुदायिक ढाँचा कार्यनीति काउंसिल को हमारे समुदाय में नया और उन्नत सामुदायिक ढाँचा प्रदान करने हेतु लैस कर उसे ऐसा करने में सक्षम बनाती है। काउंसिल निम्नलिखित रणनीतिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी:

- डेवलपर योगदान योजनाओं और अन्य ढाँचा वित्तपोषण के स्रोतों की पहचान करना और तैयारी में उनका मार्गदर्शन करना
- इस रणनीति के उद्देश्यों और सिफारिशों के आधार पर अपनी सम्पत्तियों और सेवाओं के लिए लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि की योजनाएं विकसित करना
- संदर्भ में और काउंसिल की परिसंपत्ति योजनाओं के उद्देश्यों और सिफारिशों को समर्थन देने के लिए अल्पावधि, मध्यम अवधि और दीर्घावधि वित्तीय योजनायें बनाना
- कार्यनीति के उद्देश्यों और सिफारिशों के संदर्भ में पैदा होने वाले अवसरों पर सक्रिय नज़र रखना
- रणनीति को एडवोकेसी में प्रयोग करना, मूलभूत सामुदायिक ढाँचा की आवश्यकताओं के बारे में राज्य सरकार और डेवलपरों के साथ योजना बनाना और बातचीत करना
- वित्तपोषण के वर्तमान स्रोतों और बजट को इस कार्यनीति की प्राथमिकताओं और दिशाओं के साथ संरेखित करना और मज़बूती से वित्तपोषण के नए अवसरों की तलाश करना

# अधिक जानकारी के लिए

यह मूलभूत सामुदायिक ढाँचा कार्यनीति काउंसिल के ज्ञान और अनुभव पर आधारित है, जिसमें सामाजिक रूप से स्थाई समुदायों के निर्माण के प्रति जोश है। हमारे समुदाय और हमारे प्रमुख हितधारकों से प्राप्त प्रतिसूचना को शामिल कर बनाया गया यह यह दस्तावेज़ एक साझा प्रयास रहा है।

पैरामाटा के मूलभूत सामुदायिक ढाँचा नेटवर्क या काउंसिल की प्रमुख कार्यनीतिक दिशाओं के बारे में अधिक जानकारी हेतु निम्नलिखित संसाधन उपलब्ध हैं:

- 'सबके लिए विकास के अवसरों को साझा करना'- सामाजिक रूप से स्थाई पैरामाटा की रूपरेखा
- पैरामाटा शहर काउंसिल की वेबसाइट: **www.cityofparramatta.nsw.gov.au**
- पैरामाटा शहर ग्राहक संपर्क केंद्र: **9806 5050**
- जनसांख्यिकीय डेटा तक पहुंच पाने के लिए: **http://profile.id.com.au/parramatta** पर लॉग ऑन करें



**www.cityofparramatta.nsw.gov.au**

CITY OF
PARRAMATTA